तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 6 अक्टूबर 2025

12 भगवान राम के आदर्शों पर चलकर ही रावण रूपी बुराइयों के


11 सेन समाज ब्लॉक चुनाव में सर्वसम्मति से शालिकराम ...




## खबर संक्षेप

### स्वच्छता जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन



**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र में स्थित ग्राम किल्लेकोडा के पावन धरा पर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन निर्भय भंडारी (जनपद सदस्य )की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।जिसमें नवयुवकों ,नवयुवतियो साथ में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने भी इसमें सम्मिलित होकर गांव के समस्त सी सी रोड की सफाई तार से ,पत्थर से, घिस घिस कर किया। जिसमें मुख्य रूप से इंद्रजीत सिन्हा, कुशल देवदास, पूनम ,गोकुल ,यशस्वी, नीलकंठ ,गोदावरी ,दामिनी ,पूजा, नंद कुमार, भरोसा, टीना, चांदनी ,राजेंद्र कुल्हार्य आदि ने भाग लिया और आगे भी ऐसे ही सफाई अभियान करते रहने का शपथ लिया। इस अवसर पर भंडारी जी ने कहा कि मुझे बहुत खुशी हुई कि इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं नवयुवकों, नवयुवतियों ने भाग लेकर उक्त कार्य को को सफल बनाया। इसके लिए मैं आप सबको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। जिनके चलते हमारा सफाई अभियान सफल रहा।

### मेघा डोसी ने अपनाया संयम जीवन का मार्ग



**डौंडीलोहारा।** नगर की लाड़ली बिटिया मेघा डोसी ने सांसारिक जीवन त्यागकर संयम मार्ग अपनाने का संकल्प लिया है। कम उम्र में ही उन्होंने भौतिक सुखों से विरक्ति लेते हुए आत्मकल्याण का मार्ग चुना है। 3 नवम्बर को राजस्थान के देशनोक नगर में आचार्य भगवन श्रीरामलालजी मसा के सानिध्य में वे दीक्षा लेकर जैन साध्वी बनेंगी। मेघा, जो पहले एक इंटीरियर डिजाइनर थीं, अब आत्मा को सुंदर बनाने की साधना करेंगी। दीक्षा के बाद वे धन-दौलत, वाहन, मोबाइल आदि का त्याग कर पदविहार और भिक्षाचर्या से जीवन यापन करेंगी। 8 अक्टूबर को नगर में भव्य वरघोड़ा व अभिनंदन समारोह आयोजित होगा, जहां समाज द्वारा मुमुक्षु बहन मेघा डोसी का सम्मान किया जाएगा।

### नशे के लिए पैसा नहीं दिया तो बस कंडेक्टर से मारपीट

**भिलाई।** सिटी कोतवाली दुर्ग के अंतर्गत लुचकीपारा निवासी साहब खान से मोहल्ले के एक युवक आदिल खान ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की। आरोपी ने नशे के लिए पैसा मांगा, नहीं देने पर पहले गाली गलौच की।

# जब तक आप फैसला नहीं लेंगे, दूसरे आपके लिए लेंगे निर्णयः अश्वनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

■ ग्रामसभा, सरपंच और समाज प्रमुखों ने लिया प्रशिक्षण में भाग

पेसा कानून पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रो पर विस्तार)अधिनियम 1996 एवं छत्तीसगढ पंचायत उपबंध नियम 2022 से एक दिवसीय कार्यशाला डौंडी में सम्पन्न हुआ। इस कार्यशाला मे डौंडी ब्लॉक के ग्रामसभा अध्यक्ष ,सरपंच, एवं समाज प्रमुख मौजूद रहे अश्वनी कांगे मास्टर ट्रेनर पेसा एवं रोफर द्वारा पेसा कानून के संबंध में विस्तार से बताया उन्होंने कहा की पंचायती राज व्यवस्था को 73 में संविधान संशोधन अधिनियम 1992 के तहत संवैधानिक दर्जा दिया गया है भाग 9 के अनुच्छेद 243 का में ग्राम जनपद एवं जिला पंचायत की व्यवस्था की गई है तथा संविधान की 11वीं अनुसूची में 29 विषयों को सौंपे गए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक आप अपने लिए निर्णय नहीं लेंगे तब तक दूसरे लोग आपके लिए निर्णय लेंगे अब आपको तय करना है कि आप अपने निर्णय पर चलने वाले हैं या दूसरों के निर्णय पर उन्होंने ग्राम सभा के महत्व को विस्तार से बताया उन्होंने बताया की ग्राम सभा को अनुसूचित क्षेत्र में भूमि पर कब्जे को रोकना और अनुसूची जनजाति की जमीन पर गैर अनुसूचित जनजाति के गैर कानूनी कब्जे वाले भूमि को वापस दिलाने के लिए कार्रवाई करने की शक्ति है।

## पेसा कानून पर एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न



### ये रहे मौजूद

इस कार्यशाला में प्रमुख रूप से नीलिमा श्याम जिला पंचायत सदस्य भोलाराम नेताम जनपद उपाध्यक्ष, तुलेश्वर हिचामी जनपद सदस्य, साधना सोरी जनपद सदस्य कमीथला गावडे सरपंच, आत्माराम कौड़ो गोंडवाना ब्लॉक अध्यक्ष गंगाराम ठाकुर संरक्षक गोड समाज, खिलेंद्र भुआर्य पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, वीरेंद्र मंडावी अध्यक्ष गोड समाज सर्किल आमाडूला गोड समाज अंबिका कोडापे अध्यक्ष महिला प्रभाग समीर धुव्रे मिडीया प्रभारी के अतिरिक्त कर्मचारी अधिकारी,युवक ,युवती सामाजिक गण भारी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन खोरबाहरा राम मंडावी व्दारा किया।

## आयोजन

डॉ. हेडगेवार के सपनों का संगठन, बना संघ, राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया 100वां स्थापना दिवस





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

■ विजयादशमी उत्सव के अवसर पर हुआ पथ संचलन, देशप्रेम को सर्वोपरि मानने का संदेश

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना प्रथम सरसंघचालक डॉ केशव बलीराम हेडगेवार ने विजयादशमी के दिन 1925 में किए थे। संघ ने समाज सेवा समर्पण निस्वार्थ देश भक्ति का परचम बिना राग लपेट के लहराते हुए विजयादशमी गुरुवार के दिन 2025 में 100 वाँ स्थापना दिवस मनाकर अपने विराट वटवृक्ष स्वरूप का दर्शन कराए।

इसी तारतम्य में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ उपखंड जामगांव आर ने विजयादशमी उत्सव का भव्य आयोजन जामगांव आर उपखंड कार्यवाह उमाशंकर साहू के निर्देशन में रविवार को पथ संचलन एवं शस्त्र पूजा के साथ मनाया गया। नगर वासियों ने पथ संचलन में स्वयंसेवकों पर पुष्प की वर्षा किए।इस समारोह के मुख्य वक्ता दुर्ग जिला सेवा प्रमुख तोरण सिन्हा थे। मंच पर जामगांव आर उप खंड संघ चालक लीलाधर वर्मा छत्तीसगढ़ योग आयोग मार्ग दर्शक मंडल सदस्य आसकरण जैन मंचासिन रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ स्वयंसेवक कामता प्रसाद साहू ने किया।



आरएसएस के लिए देश प्रेम सर्वोपरि मुख्य वक्ता तोरण सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ देश प्रेम को सर्वोपरि मानकर भारत माता की सेवा संस्कारी संतान की तरह करता है। समाज में देश प्रेम की चेतना जगाने की पहल संघ के प्रथम सर संघ चालक डॉ केशवराम बलीराम हेडगेवार जैसे महापुरुष ने विजयादशमी के दिन 1925 में प्रारंभ किए जो संगठन 100 वर्ष पूर्णकर वटवृक्ष का स्वरूप धारण कर आपके समक्ष सेवारत है।

संघ के महान चिंतकों ने समाज को शिक्षा के माध्यम से जागरूक करने के लिए 1952 में गोरखपुर में सरस्वती शिशु मंदिर की संस्कारित शिक्षा का उपहार समाज को भेंट किए इसी तरह अन्य क्षेत्रें में भी आनुषंगिक संगठन देश वासियों का भरपूर सेवा कर रही है।

### संस्कार से परे मैकाले की शिक्षा

संस्कार से परे मैकाले की शिक्षा पद्धति ने भारत की संस्कार को निरंतर गिराने का काम किया जिसका दुष्परिणाम बुढ़ापे में माता पिता संतान के तिरस्कार का शिकार होने लगे है। संघ का स्वयंसेवक निस्वार्थ भाव से काम करके आनंदित हो उठता है। ऐसे स्वयंसेवकों के समूह समाज का नाम राष्ट्रीय सेवक संघ है। प्रेम भाव से देश समाज की सेवा करने वाले सभी स्वयंसेवक है। 100 वर्ष के खट्टे मीठे अनुभव के साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने भारत माता के बारे में बुरा सोचने वालों के मंसूबे पर पानी फेरा है। देश हित में स्वस्फूर्त सेवा और केवल सेवा का स्वर्णिम इतिहास रचा है। महापुरुषों के द्वारा रचित संवर्धित मार्गदर्शित संघ के अजर अमर अमिट गुरु भगवा ध्वज को प्रणाम वंदन अभिनन्दन। स्वयंसेवकों के साथ समग्र ग्राम विकास जिला प्रमुख हलधर महमल्ला, उपखंड व्यवस्था प्रमुख डॉ गुलाब साहू, सेवा प्रमुख द्वारिका साहू, मंडल पालक किशोर साहू, बौद्धिक प्रमुख निखिल, सामाजिक सद्भावना प्रमुख पुष्कर साहू, सरस्वती शिशु मंदिर प्राचार्य पूरनलाल बारले, हाथेश्वर साहू, मनीष चंद्राकर, पूर्णेंद्र सिन्हा, दुर्गेश साहू की विशेष उपस्थिति रही।

# भिरई स्कूल के पांच खिलाड़ी राज्य स्तरीय कुश्ती स्पर्धा में लेंगे भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता कुश्ती जांजगीर चांपा में 06 से 09 अक्टूबर तक आयोजित है, जिसके लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिरई के 5 खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

कुश्ती अंडर 17 वर्ग के अंतर्गत खुशी ठाकुर 12 वी 40 किलो, रिया साहू 10 वी 43 किलो, देवंती 11 वी 46 किलो, मीनाक्षी 9 वी 49 किलो, तरुण साहू 10 वी 60 किलो का चयन हुआ है, इनके चयन पर सरपंच सनत कुमार सिन्हा, बलराम साहू, रुपन साहू, नेहरू साहू, संस्था के प्राचार्य पीके. साहू, व्यायाम शिक्षिका जानकी साहू, लोकेश सिंहा, पीटर कुर्रे, एमके मारकंडे, मनीष बोरकर, सुनील धुवे, अभिनव जँघेल, एमपी साहू, जकिया सितारा, स्नेह रणसिंह, संध्या साहू, लिकेश हिंदू एवं समस्त शिक्षक गण व ग्रामीणों ने प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रदान की है, उक्त खिलाड़ी गण रविवार को प्रतियोगित के लिए जांजगीर चांपा रवाना हुए।

### अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 8 लाख वसूले

**भिलाई।** युवती से अश्लील वीडियो वायरल करने के नाम पर 8 लाख रुपए वसूलने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी ने युवती के भाई की पूरी बीमा राशि ले ली। इसके बाद भी बॉयफ्रेंड उससे पैसों की डिमांड करने लगा और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। मामला भिलाई-03 थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने आरोपी उमाशंकर भारती निवासी ग्राम उमदा के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। दीक्षा सिलाई-कढ़ाई का काम करती हैं। उसने बताया कि बॉयफ्रेंड ने एआई के जरिए अश्लील वीडियो बनाने और वायरल करने की धमकी देकर पैसे ले लिए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फरवरी 2021 को दीक्षा की जान-पहचान उमाशंकर से हुई। बातचीत का सिलसिला बढ़ा और दोनों में नजदीकियां बढ़ने लगी।

# सड़े भूसे की बदबू और मवेशियों की भीड़ से सड़क हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

■ सड़क किनारे सड़े भूसा से राहगीरों और वाहन चालकों की मुश्किलें

गुण्डरदेही धमतरी मुख्य मार्ग मे ग्राम रजोली के समीप सड़क के किनारे रखे सड़े गरदा भूसा पर बारिश के पानी से उन सड़े भूसों से बदबू उठने लगा है, जिससे इस मुख्य मार्ग पर चलने वाले स्कूली बच्चों व अन्य राहगीरों को इन बदबूओं का सामना करना पड़ रहा है।



साथ ही इन भुसों की लालच मे यहां पर मवेशियों का भीड़ हमेशा बनी रहती है, जिसकी वजह से यहां पर आये दिन मवेशियों के साथ दुर्घटना होती रहती है। वही सड़क किनारे भूसा गरदा होने के कारण राहगिरो को भूसा गरदा सड़ने के कारण दिक्कतो का सामना तो करना पड़ ही रहा है, साथ ही इन भूसा गरदा तेज हवाओ मे उड़कर राहगिरो के आंखो मे आ जाने के कारण राहगिरो का वाहन चलाने मे दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है, हवा के माध्यम से राहगिरो के आंखो मे आ रहे इन भूसा के कड़ो के कारण बड़ी दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। जहां इस सड़क किनारे पड़े भूसा को खाने के लिए मवेशी बड़ी संख्या मे इसके आस पास आवागमन करते रहते है, जिसके कारण राहगिरो को सड़को मे मवेशी आ जाने की समस्या से दो चार हो रहे है। वही सड़क किनारे पड़े इन भूसा के कारण सड़क किनारे कीचड़ जैसी स्थिति बन गई है, जो बड़े वाहन चलने के कारण कीचड़ सड़को तक आ रहा है, जहां कीचड़ के कारण सड़क मे फिसलन जैसी स्थिति निर्मित हो गई है जिससे दोपहिया वाहन चालक प्रभावित हो रहे है।


## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स
NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549

### एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (NURSING SUPERVISOR) डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं,12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है। (4) विद्याकौशल के माध्यम से शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि - 30.10.2025**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 10.11.2025**

**प्रति,**
**कार्यसंचालक (NSDC)**
**मॉडर्न नालेज एजुकेशन**
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**
**कार्य संचालक पैरामेडिकलकोर्स**

**महोदय,**
........................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ........................
2. पिता/पति का नाम ........................
3. जन्मतिथि अंकों में ........................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ........................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ........................
   मोबाइल नंबर ........................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ........................
7. शैक्षणिक योग्यता ........................

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**नोट : -** (1) आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।


## गायत्री मंत्रों की गूंज के बीच चिंगरी में सम्पन्न हुआ सीमन्तोन्नयन संस्कार

# मातृशक्तियों को मिली पोषण किट और प्रेरणादायी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी शांतिकुंज हरिद्वार गायत्री शक्तिपीठ संस्कार (सीमन्तोन्नयन) एवं नव कुंडीय गायत्री ग्राम पंचायत चिंगरी के समीप डोम शेड में सम्पन्न किया गया। जिसमें 45 गर्भवती महिलाओं का गर्भ संस्कार किया गया।

कार्यक्रम के संरक्षक भुनेश्वर साहू ने बताया कि सभी माता के लिए पोषण किट वितरण किया गया। 45 महिलाओं को इसका लाभ हुआ जानकारी गायत्री शक्तिपीठ के विशेष प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से महिलाओं को दिखाया गया। प्रशिक्षिका तुलसी साहू लोहारा, लेखा साहू गुरुर, रेणुका गजीर दल्ली राजहरा,संगीत एवं वादन लेख राम साहू एवं विश्वकर्मा हेमंत साहू, सुशीला साहू, ऋषभ कुमार साहू कार्यक्रम का संरक्षक भुवनेश्वर प्रसाद एवं रेखा साहू ने किया गया।



इस कार्यक्रम के अतिथि गण चिंगरी, अछोटी, भरदा, कोनारी क्षेत्र के जनपद सदस्य बेला यादव यादव एवं सरपंच पुष्पा वाघमारे, पुष्पा देशमुख पूर्व संरपंच ग्राम पंचायत चिंगरी, लक्ष्मी दिल्लीवार अध्यक्ष महिला मानस मंडली ग्राम चिंगरी, धीरजलाल टॉक दुर्ग भिलाई उपजोन समन्वयक, अभयलाल ध्रुवे मुख्य ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ दुर्ग,मलिकराम साहू ,बेदनाथ भारद्वाज शिक्षक, अर्जुनलाल साहू, जगनराम साहू, संतोष पाटिल, ग्राम चिंगरी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ, विशिष्ट जन शामिल हुए थे। यह जानकारी भुनेश्वर साहू ने दी।

**खबर संक्षेप**

### रजत जयंती के अवसर पर विशेष सप्ताह 12 तक

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती वर्ष 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर कौशल विकास विभाग द्वारा विशेष सप्ताह निर्धारित करते हुए 6 से 12 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। उपसंचालक रोजगार एवं प्रभारी अधिकारी जिला कौशल विकास प्राधिकरण दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार 7 अक्टूबर को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में अपरान्ह 2 बजे से उद्यमिता एवं लोन के संबंध में कार्यशाला एवं उद्योगों के विशेषज्ञों द्वारा कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित करने के लिए व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कौशल विकास योजनांतर्गत प्रशिक्षित युवाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वरोजगार हेतु उपलब्ध ऋण सुविधा से अवगत कराया जायेगा। साथ ही इच्छुक युवाओं से आवेदन प्राप्त किया जाएगा। इसके लिए 14 से 45 वर्ष आयु के युवाओं को उक्त तिथि में निर्धारित समयानुसार आयोजन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर सकते हैं।

### जनदर्शन में आम जनता ठगा महसूस कर रही, शिकायतों का नहीं हो रहा निराकरण

**भिलाई।** प्रशासनिक व्यवस्था जनदर्शन की कार्यप्रणाली पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता व प्रवक्ता जावेद खान ने कहा कि हर सोमवार को कलेक्टर सभागार में दरबार लगता है, लोगों की शिकायतें ली जाती हैं। भरोसा दिलाया जाता है कि उनका निराकरण किया जाएगा, लेकिन ऐसाा नहीं हो रहा है।उन्होंने कहा कि जनदर्शन के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर टोकन जारी कर उसे संबंधित विभाग को भेज तो दिया जाता है, लेकिन अधिकांश मामलों में विभाग धरातल पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती। इसके साथ ही शिकायत को निराकृत भी बता दिया जाता है, इधर शिकायतकर्ता भटकते रहते हैं। कलेक्टर कार्यालय की ओर से कोई निगरानी होती है। वेबसाइट पर टोकन दर्ज करने पर क्षमा करें, विवरण उपलब्ध नहीं है जैसे संदेश नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि जब शिकायत का वास्तविक निराकरण किए बिना ही प्रकरण को जनदर्शन से विलोपित कर दिया जाता है, तो यह जनदर्शन की मूल भावना के साथ अन्याय है।

### स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ. पाणिग्रही हुए सम्मानित

**दुर्ग।** गांधी जयंती, स्वच्छता ही सेवा, सेवा पखवाड़ा समापन के अवसर पर नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा गांधी जयंती एवं स्वच्छता सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन मंत्री गजेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। स्वच्छता दीदी, सफाई मित्रों के सम्मान की कड़ी में स्वच्छता कार्यों में निस्वार्थ सेवा कार्य करने वाले स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही को शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के हाथों प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष राकेश पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, सभापति श्याम शर्मा उपस्थित थे।

## एग्रीस्टैक पोर्टल के माध्यम से किसानों को फसल ऋण और विशेषज्ञ सलाह में मिलेगा लाभ

# डिजिटल फसल सर्वेक्षण से सुनिश्चित होगी फसल गिरदावरी में पारदर्शिता और दक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

■ कलेक्टर के निर्देश पर डिजिटल फसल सर्वेक्षण से किसानों को सटीक डेटा उपलब्ध

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत डिजिटल फसल सर्वेक्षण के तहत गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची का बालोद जिले के ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में पठन किया जा रहा है।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025–26 के लिए डिजिटल फसल सर्वेक्षण के तहत हुए गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची का पठन कर ग्रामीणों को उनके रकबे और बोए गए फसल की जानकारी दी जा रही है। ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर डिजिटल फसल सर्वेक्षण की सूची को चस्पा भी किया गया है। जिसका ग्रामीण अवलोकन कर अपने रकबे और फसल की जानकारी ले रहे हैं। जिले के विभिन्न ग्रामों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर डिजिटल क्रॉप सर्वे और मैनुअल गिरदावरी का वाचन किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप जिले में किसानों के फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल टाइम में किया गया, जिसमें खेत की भौगोलिक स्थिति के साथ फसल की फोटो अपलोड की गई है। राज्य शासन द्वारा भू–नक्शों के जीव–रिफ्रेसिंग के पश्चात अब त्रुटिरहित फसल सर्वेक्षण संभव हुआ है। इस पहल का उद्देश्य त्रुटिरहित फसल गिरदावरी सुनिश्चित करते हुए किसानों के फसलों की सटीक और तकनीकी जानकारी एकत्रित करना है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित की जा सके। डिजिटल फसल सर्वेक्षण में किसानों की फसलों की सभी जानकारियां एग्री स्टैक पोर्टल में दर्ज की गई है। जिससे किसानों को फसल उत्पादकता के लिए जरूरी इनपुट जैसे फसल ऋण, विशेषज्ञों की सलाह से लेकर बाजार उपलब्ध कराने में एग्री स्टैक पोर्टल से मदद मिलेगी।



## करवा चौथ और पुष्य नक्षत्र में जमकर होगी खरीदारी, बाजारों में दिखी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

■ शरद पूर्णिमा से शुरू होगा पर्वों का सिलसिला

शहर में अब त्योहारों का मौसम पूरी रौनक के साथ दस्तक दे चुका है। करवा चौथ, पुष्य नक्षत्र और शरद पूर्णिमा जैसे शुभ अवसरों को लेकर दल्लीराजहरा बाजारों में जबरदस्त चहल-पहल देखने को मिल रही है। दल्लीराजहरा के मुख्य बाजार, स्टेशन चौक से लेकर बस स्टैंड तक दुकानों में साज-सज्जा, श्रृंगार सामग्री, साड़ी, चुनरी, मिट्टी के करवे, पूजन सामग्री और मिठाइयों की बिक्री तेजी से बढ़ी है।

महिलाओं में करवा चौथ को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। सुहागिनें मेहंदी, चूड़ी, बिंदी, साड़ी और सोलह श्रृंगार की खरीददारी में व्यस्त हैं। वहीं पुष्य नक्षत्र को धन और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है, जिसके चलते सोना-चांदी और गृह-सामग्री की भी खरीदारी जोरों पर है।

व्यापारियों का कहना है कि इस बार त्योहारी सीजन की शुरुआत पहले से अधिक जोश के साथ हो रही है। "करवा चौथ से लेकर शरद पूर्णिमा और फिर धनतेरस, दिवाली तक लगातार पर्वों का सिलसिला रहेगा, जिससे बाजार में रौनक बनी रहेगी," स्थानीय व्यापारी संगठनों ने बताया।

शहर के मिठाई दुकानों में नई-नई वैरायटी की मिठाइयाँ सजी हैं, वहीं कपड़ों और गहनों की दुकानों में भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। शाम होते ही बाजार रोशनी से जगमगा उठता है, और हर दुकान पर ग्राहकों की चहल-पहल से वातावरण में त्योहारों की खुशबू घुल गई है।करवा चौथ पर श्रृंगार और पूजा सामग्री की खरीदारी में महिलाओं का उत्साह चरम पर।पुष्य नक्षत्र के दिन सोना-चांदी और गृह-उपकरण की खरीद को शुभ माना जा रहा।

शरद पूर्णिमा से आरंभ होगा प्रमुख त्योहारों का शुभ सिलसिला – रहेगा दीपावली तक उत्सव का माहौल। दल्लीराजहरा में त्योहारों की रौनक अपने चरम पर, हर ओर सजावट, खुशियाँ और उमंग का माहौल।

# पंचगव्य डॉक्टर एसोसिएशन छग ने पादप बोर्ड अध्यक्ष से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

■ वनौषधियों के माध्यम से गंभीर रोगों के इलाज पर चर्चा

पंचगव्य डॉक्टर एसोसियेशन छत्तीसगढ़ के पदाधिरियों ने आदिवासी परंपरागत स्वास्थ्य एवं वनों औषधि पादप बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन के अध्यक्ष विकास मरकाम के कार्यालय विधान सभा स्थित अरण्य भवन जाकर मुलाकात की।

इस सौजन्य मुलाकात का नेतृत्व प्रसिद्ध नाड़ी विशेषज्ञ गव्य सिद्ध, उपाध्यक्ष पचगव्य डॉ एसोसियेशन छत्तीसगढ़ डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने की। इस मुलाकात में मरकाम को आवेदन सौंप कर पंचगव्य के साथ वनौषधि को शोधित कर कैंसर, किडनी, लकवा, स्पोंडलाइटिस, उदररोग, संग्रहणी, बात, टाइफाइड, हृदयरोग, साइटिका, नपुंसकता, निःसंतानता, बवासीर आदि संघातिक जानलेवा बीमारियों की वनौषधियों द्वारा सफल और कारगर इलाज की जानकारी दी गई।

मुलाकात में पंचगव्य वैद्यों के प्रदेश स्तरीय संगठन के गतिविधियों, क्रियाकलापों की जानकारी देते हुए पादप बोर्ड में प्रदेश के जिला स्तर के पांच संगठनों की भांति पंचगव्य डॉक्टर एसोसियेशन छत्तीसगढ़ को पादप बोर्ड से मान्यता देकर पंजीकृत करने की मांग करते हुए वैद्यों को होने वाली विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। इन सभी विषयों पर गंभीरता पूर्वक विचार कर समस्याओं के समाधान हेतु अध्यक्ष पादप बोर्ड ने आश्वाशन दिया और 8 अक्टूबर को साइंस कॉलेज स्थित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय वैद्यों के सम्मेलन मेभाग लेने का न्योता भी दिया। प्रतिनिधि मंडल में परंपरागत पंचगव्य डॉ एसोसियेशन के सचिव राजभान कुशवाहा सहित डीलेश्वर साहू, जगदीश पटेल, ज्योति सिंह, टेमिन साहू, पूजा साहू शामिल रहे।



## आईटीआई में मनाया चौथा कौशल दीक्षांत समारोह

■ प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले प्रशिक्षणार्थियों को किया गया सम्मानित

**डौंडीलोहारा।** आईटीआई सुरेगांव में 4 अक्टूबर दिन शनिवार को चौथा कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। डीजीटी के द्वारा विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित चौथे कौशल दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित किया गया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए संबोधन का सीधा प्रसारण समस्त प्रशिक्षणार्थी तथा भूतपूर्व प्रशिक्षणार्थी के लिए प्रसारित किया गया । व्यवसाय फिटर, विद्युतकार सत्र 2023 से 2025 तथा व्यवसाय डीजल मैकेनिक, एवं कोपा सत्र 2024 से 2025 के प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा एनसीवीटी परीक्षा में संस्था स्तर पर प्रावीण्य सूची में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रशिक्षणार्थियों को चौथा कौशल दीक्षांत समारोह में अंक सूची वह प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया कार्यक्रम में एल्यूमिनी संगठन के अध्यक्ष ठाकुर राम देवांगन तथा एल्यूमिनी संगठन के संरक्षक शोभित देवांगन तथा सदस्य गौकरण भी उपस्थित रहे। संस्था प्रमुख ने प्रशिक्षणार्थी को एनसीवीटी परीक्षा 2025 में सफल प्रशिक्षणार्थी एवं संस्था स्तर पर प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले प्रशिक्षणार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए। कार्यक्रम में संस्था के सभी अधिकारी कर्मचारी, समस्त प्रशिक्षणार्थी एवं भूतपूर्व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# विशेष ग्राम सभा में ग्रामीणों ने लिया आदि कर्मयोगी शपथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले के अमोरा और गोदड़ी ग्राम में विशेष ग्राम सभा आयोजित कर विलेज विजन 2030 कार्य योजना का वाचन एवं अनुमोदन किया गया। आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले के सभी चयनित ग्रामों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन जाने हेतु शासन के सभी विभागों ग्राम के स्व सहायता समूह तथा गांव के निवासियों के द्वारा गांव में आपसी विचार विमर्श के पश्चात कार्य योजना तथा ग्राम विकास योजना का निर्माण किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि आज जिले के चयनित ग्रामों में आदि कर्म योगी अभियान अंतर्गत विशेष ग्राम सभा आयोजित कर कार्य योजना का अनुमोदन किया जा रहा है। इस दौरान गांव के विकास में सहयोग हेतु ग्रामीणों द्वारा आदि शपथ लिया गया।

# सेन समाज ब्लॉक चुनाव में सर्वसम्मति से शालिकराम कौशिक बने अध्यक्ष





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला सेन समाज बालोद अंतर्गत ब्लॉक डौंडीलोहारा सेन समाज का चुनाव जिला अध्यक्ष संतोष कौशिक के मार्गदर्शन में सेन भवन में सम्पन्न हुआ।

जिसमे सर्वसम्मति से विशेषर सेन ब्लॉक अध्यक्ष शालिकराम कौशिक, उपाध्यक्ष घनश्याम श्रीवास, सचिव मोहनलाल कौशिक, सहसचिव हिम्मत सेन, कोषाध्यक्ष महामंत्री तोरन श्रीवास, ईश्वर शाणडील्य, संगठन मंत्री विजय भारद्वाज, सोशल मीडिया प्रभारी एवं देवसिह श्रीवास को संरक्षक के पद पर चुने गए। कार्यकारिणी में संजीत कुमार सेन, बलदाऊ सेन, गोरेलाल सेन, कीर्तन सेन, अशोक सेन, डामन लाल सेन नोहर सेन, अशोक श्रीवास को चुना गया। उक्त चुनाव में जिला सेन समाज की ओर से चुनाव अधिकारी प्रधानाध्यापक माहुद टेटकु राम सेन, पर्यवेक्षक कुमार सेन दल्ली राजहरा ने चुनाव सम्पन्न कराया। जिला सेन समाज सोशल मीडिया प्रभारी उमेश सेन ने बताया कि पुर्व मे हुये ज़िला सेन समाज चुनाव की प्रिकिया के तहत डौंडीलोहारा में ब्लाक सेन समाज का चुनाव सम्पन्न कराया गया, डौंडीलोहारा ब्लाक में आठ ईकाई केन्द्र है इन आठो केन्द्रों से दो दो नाम ब्लाक चुनाव के लिये मंगाये गये थे, कुल 18 नाम ब्लाक चुनाव के लिए आये एक नाम वापस हुए, कुल 17 नामो पर विचार करते हुये ज़िला अध्यक्ष संतोष कौशिक ने एक चयन समिति का गठन किया, चयन समिति द्वारा जिन पदों पर दो नाम आये उन पर सर्व सम्मति से विचार–विमर्श कर एक नाम तय कर पदाधिकारी व कार्यकारिणी तय किया गया।

चुनाव सम्पन्न कराने में जिला अध्यक्ष संतोष कौशिक, जिला संरक्षक जगन कौशिक, उपाधयक्ष लोकेश कौशिक, सचिव रामकुमार सेन, सहसचिव धनी राम कौशिक, महासचिव लोचन सेन संगठन मंत्री संतोष श्रीवास, कन्हैया श्रीवास, भीषम श्रीवास, ओमप्रकाश कौशिक डोमार सेन नारायन सेन, रमेंद्र सेन पुर्व ब्लाक अध्यक्ष जीवन सेन सहित ब्लाक डौंडीलोहारा के समस्त ग्रामों से समाजिक जन की उपस्थिति रही।

# मंत्री गजेन्द्र पहुंचे इंदिरा मार्केट, जीएसटी रिफॉर्म को लेकर व्यापारियों से लिया फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

इंदिरा मार्केट में स्थानीय व्यापारियों से सौहार्दपूर्ण चर्चा करते हुए जीएसटी रिफार्म जीएसटी 2.0 के प्रभाव और लाभों पर विस्तार से विचार-विमर्श करने स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव दुर्ग के इंदिरा मार्केट पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नए जीएसटी सुधार व्यापार जगत के लिए महत्वपूर्ण और दूरगामी साबित होंगे।

स्थानीय व्यापारियों के साथ मार्केट में व्यापारियों से चर्चा के दौरान मंत्री श्री यादव ने यह साझा किया कि दैनिक उपयोग की वस्तुओं एवं छोटे व्यावसायिक उत्पादों पर कर दरों में कमी से आम उपभोक्ताओं को सीधी राहत मिलेगी। इसके साथ ही बाजार में मांग में वृद्धि होने से व्यापार को भी गति मिलेगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार होगा।

इंदिरा मार्केट में दुकानदारों से सौहार्दपूर्ण भेंट कर उन्हें गुलाब भेंट स्वरूप प्रदान किए गए तथा जीएसटी दर निर्धारण से संबंधित पोस्टर अपने प्रतिष्ठानों पर लगाने का आग्रह किया। दुकानदारों से संवाद के दौरान उन्हें स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देने और वोकल फॉर लोकल अभियान को बढ़ावा देने की अपील किये। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, सुरेन्द्र कौशिक, महेन्द्र लोढ़ा, चेम्बर के प्रतिनिधि अशोक राठी सहित अनेक व्यापारी और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



# एआई को लेकर हर वर्ग को अवेयर करना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

इंडसट्रियल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कार्यरत राष्ट्रीय संस्था इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडसट्रियल इंजीनियरिंग भिलाई चेप्टर की वार्षिक आम सभा भिलाई निवास के सभागार में हुई।

आमसभा में भिलाई चेप्टर के चेयरमैन के. पटेल, वाइस चेयरमैन घनश्याम कुमार देवांगन, सेक्रेटरी अवनीश दुबे, विवेक गुप्ता एक्स चेयरमैन एचके देसाई प्रमुख रूप से उपस्थित थे। के. पटेल ने कहा कि हम अपने रचनात्मक गतिविधियों से भिलाई चेप्टर को देश में मॉडल चेप्टर बनाने का प्रयास करना है। उन्होंने नई सोच-नया दौर का नारा देते हुए इंडसट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक का उपयोग समाज की बेहतरी के लिए करने पर जोर दिया। वाइस चेयरमैन घनश्याम देवांगन ने इंडस्ट्रीयल इंजीनियरिंग के महत्व को प्रतिपादित करते हुए भिलाई चेप्टर की आगामी गतिविधियों एवं योजनाओं की रूपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने इंडसट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक के जरिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग उद्योगों के साथ ही बच्चों, महिलाओं एवं आम नागरिकों के हित में उनके बहुआयामी विकास हेतु करने की अपील की।





**स्कूल, कॉलेज में कैम्प चलाने चैप्टर गठन का निर्णयः** आमसभा में इंस्टीट्यूशन के नेशनल चेयरमैन डॉ. एवीवी प्रसादा राजू एवं नेशनल सेक्रेटरी योगेश एस. दीपनायक के प्रेषित संदेशों का वाचन किया गया। इस अवसर पर भिलाई चेप्टर का लोगो भी जारी किया गया । आम सभा में संस्था के ट्रेजरार विवेक गुप्ता द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2024-25 के ऑडिटेड लेखा को सर्वसम्मति से पारित किया गया। सेक्रेटरी अवनिश दुबे ने प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारियां शेयर की।

### कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ सदस्यों को किया गया सम्मानित

इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य ए. सी. दास का सम्मान किया गया। उपस्थित सदस्यों ने संस्था के बेहतरी के लिए अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने संस्था के वरिष्ठ इंजीनियरों के इंडसट्रियल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अर्जित अनुभवों को साझा करने एवं नए नए आइडिया का उपयोग करने पर बल दिया। आम सभा में एक्जीक्यूटिव कमेटी मेंबर एएम रवानी, व्हीके सिंह, एसके डोगरा, बीके सराफ, जेसी रे, केके गुप्ता, सुशील हरिरमानी, आरएल ढीढी, संतोष अग्रवाल, सत्यनाथ साहूकार, बीडी थारकन आदि सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक का संचालन विवेक गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन अवनिश दुबे ने किया।

SIDDHIVINAYAK
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH


प्रतिक्षा कक्ष





प्रतिक्षा कक्ष


परामर्श कक्ष


पूजा स्थान

## 15 वर्षों से आपकी सेवा में



## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**


पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
**पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567**

## खबर संक्षेप

### फर्जी नियुक्ति पत्र देकर 22 लाख की ठगी

**भिलाई।** नौकरी लगाने का झांसा देकर आठ पीड़ितों से 22 लाख रुपए का ठगी करने के मामले में पुलिस ने चार को गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि महमरा दुर्ग निवासी दीपेश कुमार निषाद के गांव में रहने वाला मनोज साहू ने दोस्त मुकेश वर्मा और उसका भांजा रजत वर्मा के साथ मिलकर खाद निरीक्षक के नौकरी लगाने के लिए चार लाख रुपए का डिमांड किया। जिसमें 2 लाख नगदी और ऑनलाइन से आरोपियों को मिला। आरोपियों ने फर्जी नियुक्ति आदेश को व्हाट्सएप पर भेज दिया। जबकि किसी का भी नौकरी नहीं लगने पर आरोपियों ने रुपए तक नहीं लौटाए। परेशान होकर शिकायत पुलिस में किया गया। पुलिस ने जब आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करना शुरु किया। तब स्वीकार किया कि लोगों से नौकरी लगाने के नाम पर फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर रकम वसूल कर ठगी किया गया। ठगी का आरोपी मनोज कुमार साहू के पास से लोगों को दिए गए फर्जी नियुक्ति पत्र, कई कागजात, मोबाइल जप्त किया गया है। रजत वर्मा और मुकेश वर्मा से फर्जी दस्तावेज, मोबाईल, फर्जी नियुक्ति पत्र बनाने वाले टाइपिंग सेंटर संचालक आरोपी महेश हिरांव को सेक्टर 6 भिलाई ए मार्केट से गिरफ्तार किया गया है। बहरहाल मामले में पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक आरोपियों ने कई अन्य लोगों को भी सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर रुपए ऐंठे। ऐसे अन्य मामलों में पीड़ितों के बारे में पतासाजी की जा रही है।

### बीएसपी ने रचा उत्पादन और प्रेषण का नया कीर्तिमान

**भिलाई।** सेल-बीएसपी ने सितम्बर 2025 में विभिन्न उत्पादन एवं प्रेषण मापदंडों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। यह प्रदर्शन भिलाई इस्पात संयंत्र की परिचालन दक्षता, संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग तथा टीम भावना का परिचायक है, जो इसे देश के अग्रणी इस्पात उत्पादक के रूप में स्थापित करता है और भारत के अवसंरचनात्मक विकास में इसके महत्त्वपूर्ण योगदान को सशक्त करता है।

### सेन समाज का प्रतिनिधि मंडल 7 को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपेगा ज्ञापन

**दुर्ग।** सेन समाज के पारंपरिक व्यवसाय की आड़ में अन्य लोग कुछ ऐसा काम कर रहे हैं, जिससे सेन समाज की छवि खराब हो रही है। समाज के प्रांतीय अध्यक्ष पुनीतराम सेन व सचिव भुवनलाल कौशिक ने बताया कि इसके लिए सेन समाज ने बड़ा निर्णय लिया है। 7 अक्टूबर को कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में समाज हित में पांच सूत्रीय मांग से शासन को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी जिला मुख्यालयों में कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपने की जबावदारी सभी संभाग प्रभारी व जिला अध्यक्षों को दी गई है।

## निधन

### लुकेश्वर नेताम

**जामगांव आर।** नगर के मिलनसार युवा शिक्षक लुकेश्वर नेताम पिता स्वरूभुरवा राम नेताम का 40 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अंतिम संस्कार जामगांव आर मुक्तिधाम में किया गया।

## आयोजन

# भगवान राम के आदर्शों पर चलकर ही रावण रूपी बुराइयों के खत्म कर सकेंगे : ताम्रध्वज

**ग्रामवासी बड़ी संख्या में रहे उपस्थित, कलाकारों को मंच पर किया गया सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी गनियारी के तत्वाधान में भव्य दशहरा उत्सव दशहरा उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि अतिथि पूर्व गृहमंत्री मंत्री छ.ग. शासन ताम्रध्वज साहू, अध्यक्ष, केस शिल्पकला बोर्ड नंदकुमार सेन, पूर्व अध्यक्ष साहकारिता प्रकोष्ठ रिवेन्द्र यादव, पूर्व सभापति जिला पंचायत दुर्ग लक्ष्मी साहू,सरपंच गनियारी संतोषी साहू, रोहित साहू उपस्थित थे। इस मौके पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है और हमें अपने बच्चों को भी अच्छे कर्म करने और अच्छे रास्ते पर चलने की सीख देनी चाहिए।

■ रामनत्व अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाया

आगे बताया की रामनत्व को अपनाने का अर्थ है अपने जीवन में धार्मिकता, न्याय, और कर्तव्यनिष्ठा को प्रमुखता देना। यह हमें अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। रामनत्व हमें सिखाता है कि हमें अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए भी दूसरों के प्रति सहानुभूति और करुणा रखनी चाहिए।

रावणत्व को समाप्त करने का मतलब है अपने भीतर की नकारात्मकता, अहंकार, और अन्याय को दूर करना। यह हमें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने और बेहतर इंसान बनने में मदद करता है।रामनत्व को अपनाकर हम अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जा सकते हैं और समाज में एक अच्छा बदलाव ला सकते हैं।इस अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुए साहू ने कहा कि वे इस दिन को केवल रावण जलाने का दिन न समझें बल्कि इसकी गहराई को समझें और रावण रूपी बुराइयों को दूर करने के लिए राम रूपी शक्ति को आगे लाएं। इस मौके पर राम लीला मंडली के कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मोहन नेगी, बीरेंद्र धनकर, कुलेश्वर साहू, गोवर्धन साहू, जीतेन्द्र साहू, ललित साहू, परमानंद साहू, हरीश साहू, मनोज साहू, यशवंत साहू, नेमीचंद साहू, महेश, गयाराम साहू संतोष निषाद दिनु राम साहू सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## नगर में राज दशहरा धूमधाम से मनाया गया, 150 साल पुरानी परंपरा कायम

**डौंडीलोहारा।** नगर में राज घराने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी राज दशहरा बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम अपने पूरे परिवार सहित आयोजन में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत राजाबाड़ा में देवी-देवताओं की परंपरागत पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद जय श्रीराम के उद्घोष के साथ रावण वध किया गया। तत्पश्चात जोरदार आतिशबाजी का लोगों ने लुफ्त उठाया।

■ शाही सवारी से निकली राज परिवार की टोली, परंपरागत रूप में मनाया दशहरा

### रावण वध के बाद नगर भ्रमण

रावण वध के उपरांत राज परिवार शाही सवारी में नगर भ्रमण के लिए निकला। आगे-आगे डीजे और धूमाल की थाप पर युवा व नगरवासी झूमते-नाचते चल रहे थे। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह राज परिवार का स्वागत किया गया।

लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने जोशो खरोश के साथ हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार करते आगे बढ़ रहे थे, लोगों ने हार पहना कर व मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर नगर का पूरा माहौल उत्सवमय हो गया।

### रिलो नृत्य बना आकर्षण

नगर भ्रमण के दौरान पारंपरिक रिलो नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। महिलाओं व युवतियों ने समूह में नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग उमड़े। साथ ही आतिशबाजी ने कार्यक्रम को और भी भव्य बना दिया।

### 150 साल पुरानी परंपरा

लाल निवेंद्र सिंह टेकाम ने बताया कि यह परंपरा लगभग 150 वर्ष पुरानी है। उनके पूर्वजों ने राज दशहरा की शुरुआत की थी, जिसमें देवी-देवताओं की पूजा कर रावण वध और नगर भ्रमण की परंपरा रही है। उसी परंपरा को आज भी श्रद्धा और निष्ठा से निभाया जा रहा है।

### देवी-देवताओं का आव्हान

राज बाड़े में दशहरा पर्व के दिन देवी-देवताओं का आव्हान किया जाता है। मान्यता है कि उनकी मौजूदगी में ही दशहरे का आयोजन सम्पन्न होता है। इसी आस्था और विश्वास के साथ इस वर्ष भी नगरवासियों ने विजयादशमी का पर्व उल्लासपूर्वक मनाया। जहां अन्य वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष दशहरा उत्सव में अच्छी खासी भीड़.देखी गई।

## रामलीला कमेटी ने धर्म व संस्कृति के संगम के साथ मंचित की रामलीला

**राम वनवास, केवट लीला और सीता हरण के प्रसंगों के साथ रावण वध का मंचन**



**बालोद।** ग्राम चिचलगोंदी में रामलीला का मंचन हुआ। धर्म और संस्कृति के अद्भुत संगम के बीच अग्रसेन रामलीला कमेटी एवं ग्रामवासियों के द्वारा दशहरा के अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम तथा रामलीला का मंचन हुआ। राम लीला के दौरान दशहरा पर्व पर भगवान राम द्वारा रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के वध का मंचन किया गया। राम लीला मंचन के बाद वहां लगाए गए रावण के पुतले का दहन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुर्व जिला पंचायत सदस्य बालोद पुष्पेंद्र चंद्राकर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिचलगोंदी सरपंच मीना दिल्लीवार ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य ओमेश्वर साहू,राकेश दिल्लीवार, देवकुमार दिल्लीवार, उपसरपंच संतोष ठाकुर शामिल हुए। रामलीला के इस कार्यक्रम के मंच से राम वनवास, केवट लीला और सीता हरण जैसे महत्वपूर्ण और भावुक प्रसंगों का मंचन किया गया एवं दशहरा की शाम को रावण वध का मंचन किया गया। मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र चंद्राकर ने रामलीला मंचन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रामलीला के माध्यम से हमें धर्म, मर्यादा, त्याग और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कमेटी के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और मूल्यों से जोड़े रखने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि रामलीला का मंचन हमारी सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। और इस धरोहर को आगे नई पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। मंचन देखने के लिए भारी संख्या में ग्राम चिचलगोंदी सहित अन्य ग्रामों के ग्रामीणेंकी भीड़ उमड़ी और कार्यक्रम में काफी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर खूबलाल साहू, नोहर साहू, शत्रुहन ठाकुर, ममता साहू, भारती दिल्लीवार, यशवंत यदु, शिवदयाल देशमुख, मालती दिल्लीवार तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

## ग्राम तिरगा में धूमधाम से मनाया रामलीला उत्सव



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत गांधी ग्राम तिरगा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला उत्सव बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रामलीला समिति के वरिष्ठ सदस्य उमेंद्र देशमुख का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पूरे गांव के लोगो की भागीदारी और सहयोग देखने को मिला। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रितपाल बेलचंदन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष एवम विशेष रूप से छेत्र की जनपद सदस्या दामिनी मुकेश साहू मौजूद रही साथ में ग्राम सरपंच घसियाराम देशमुख, पूर्व जनपद सदस्य भूपेन्द्र बेलचंदन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश बेलचन्दन, उपसरपंच, पंच गण एवम आयोजन समिति परिवार के सभी सदस्य गण एवम बड़ी संख्या ग्रामीण जन उपस्थित हुवे। साथ ही जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू ने छेत्र के सभी जनता को दशहरा पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दिए और साथ ही कहा की इस प्रकार के आयोजन में युवाओं की सहभागिता बहुत जरूरी है। ताकि हमारी संस्कृति जीवित रहे उन्होंने कहा की जिस प्रकार इस गांव को गांधी ग्राम तिरगा के नाम से जाना जाता है। यह पूर्वजों की देन है उसी प्रकार से उनसे सीख लेकर के युवाओं को भी इस प्रकार के आयोजन में अपनी सहभागिता निभानी है और आगे आना होगा।

## अमित शाह का जगदलपुर एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत बस्तर दशहरा में होंगे शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा कार्यक्रम में शामिल होने जगदलपुर जा रहे केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का एयरपोर्ट पर प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने अमित शाह को गुलदस्ता भेट कर विभिन्न विशयों मे चर्चा की। यशवंत जैन ने कहा आपके कुशल नेतृत्व में देश आज सुरक्षा, सुशासन और सर्वांगीण विकास की नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर रहा है। सहकारिता के क्षेत्र में आपके दूरदशऍ मार्गदर्शन ने गाँव गाँव में नई ऊर्जा और संभावनाएं जगाई है। प्रदेश की गंभीर नक्सल समस्या का अंत हो रहा है। इससे बस्तर के सांथ पुरे प्रदेश मे उन्नति व विकास के मार्ग खुल रहे है।

## महाविद्यालय में गांधी और शास्त्री जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज.गुरूर





स्व डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरुर में राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन कर गाँधी जयन्ती एवं शास्त्री जयंती मनाकर इन महान विभूतियों को याद किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथी प्राचार्य प्रो.केएल. रावटे थे। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. वायके. धुर्वे ने किया, विशेष अतिथी प्रो.डीके. बरसेल, प्रो, मोहन साहू, प्रो. योगेश साहू ने की। कार्यक्रम में स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की रुपरेखा डॉ. नाजमा बेगम के द्वारा दी गईं।

प्रो. डीके. बरसेल ने बताया की महात्मा गाँधी के द्वारा भारत के औपनिवेशिक काल में भारत की जनता को उस समय जागृत किया जब देश में संचार के साधन जिनमे मोबाईल, टेलीफोन, यातायात के साधन नही थे फिर भी उनके एक आव्हान पर भारत की जनता भारत की आजादी के लिए पुरे जोश के साथ पुरे देश में उमड़ पड़ती थी।

डॉ. वायके. धुर्वे ने बताया कि गाँधी जी ने भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन में भारत की जनता को आजादी के लिए जागरूक ही नही किया बल्कि भारत की समस्त मानव जाति के उत्थान और समाज सुधार के लिए कार्य किया। पुर्व प्रधानमंत्री शास्त्री जी ने अपने संक्षिप्त कार्यकाल में ही जय जवान जय किसान का नारा दिया तथा हमें देश में किसानों और सैनिकों के महत्त्व को बतलाया, शास्त्रीजी भारत के प्रधानमंत्री थे उन के कार्यकाल भारत–पाक के मध्य युद्ध हुआ था।

प्रो. मोहन साहू ने डांडी मार्च और नमक कानून की जानकारी दी। प्रो. योगेश साहू ने भी संबोधित किया। एम. ए. राजनीति विज्ञान के सभी विद्यार्थियों के द्वारा तात्कालिक भाषण के माध्यम से महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से जुड़े विभिन्न पक्षों पर अपने–अपने विचार रखे।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रावटे ने बताया कि आज हमें जो आजादी इन महान विभूतियों के बलिदान और योगदान के बदौलत ही मिली है, गांधी जी के सत्य और अहिंसा का जो मार्ग दिखाया है वह हमें अच्छे व्यक्तित्व की राह में ले चलता है।

कार्यक्रम में नीलम, गौतमी, तारिणी, धारणी साहू, रेणुका साहू, योगेश कुमार, टुकेश्वर, गौतमी, ओमेश्वर सिन्हा, ऐश्वर्या, साक्षी यादव, कौशल कुमार, जितेन्द्र कुमार, सीमा, चन्द्रकली, हिमांशु, हीना, इन्द्रानी, लालिमा, स्वेता, योजस्वी आदि उपस्थित थे मंच संचालन योजस्वी एवं धारिणी ने किया तथा गौतमी ने आभार व्यक्त किया।

### श्रीमद् भागवत महापुराण 8 से

**भिलाई।** श्री भगवत समर्थन एवं जन कल्याण समिति सुरडुंग के तत्वावधान में ग्राम सुरडुंग में श्रीमद् भागवत महापुराण महायज्ञ का आयोजन दुर्गा मंच सुरडुंग में 8 से 15 अक्टूबर तक आयोजित है। कथा वाचक अछोटी वाले पंडित वासु उपाध्याय करेंगे। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष सतीश ने दी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमचो, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**मेधावी प्रशिक्षार्थियों को किया गया सम्मानित**


## आईटीआई में दीक्षांत समारोह सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर



शनिवार को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गुण्डरदेही में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आईटीआई के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रशिक्षार्थियों को सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुई।

साथ में संस्था के प्राचार्य एसडी खिलारी, पूर्व प्राचार्य बीके साहू, सेवानिवृत्त प्रशिक्षण अधीक्षक वीएल ठाकुर, प्रशिक्षण अधीक्षक मोहित साहू, प्रशिक्षण अधिकारी जीतेन्द्र कुमार आदि सम्मिलित हुए। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने आईटीआई में आयोजित दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आईटीआई तकनीकी शिक्षा की आधारशीला है। कोई भी औद्योगिक प्रतिष्ठान आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों के बिना सम्भव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज टेक्नोलॉजी का युग है। देश के पीएम और प्रदेश के सीएम के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। टेक्नोलॉजी की उपयोगिता के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि देश का हर युवा टेक्नोलॉजी से लैश होकर देश के विकास में अपना योगदान दे रहा है। आज का युग आईआईटी से ज्यादा आईटीआई का है। आईटीआई जैसे तकनीकी संस्थान रोजगारपरक शिक्षा देकर युवाओं को आत्मनिर्भर बना रही है। उन्होंने छात्रें से अपने कौशल का उपयोग देश और समाज के विकास में में करने का आह्वान किया। अतिथियों ने मेधावी प्रशिक्षार्थियों को पदक प्रदान किया। प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्रओं को मेडल से सम्मानित किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411